तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 2 मार्च 2025



13 कांग्रेस ने ईडी की कार्रवाई का किया विरोध फूंका पुतला



14 निमित्त भाव, निर्माण भाव व निर्मल वाणी का ध्यान रखकर...






## खबर संक्षेप

### धनोरा में शाकंभरी महोत्सव आज

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत धनोरा में 2 मार्च को शाकंभरी महोत्सव एवं सामाजिक सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कोसरिया मरार



समाज धनोरा के अध्यक्ष मनोज पटेल ने बताया कि सुबह 9 बजे कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो बाजार चौक से निकल कर मां शाकंभरी शीतला मंदिर होते हुए कर्मा भवन, गौरा चौक गोल्डन चौक होते हुए वापस बजार चौक पहुंचेगी। जहां सभी कार्यक्रम होंगे। उसके बाद लोक चिन्हारी संस्थान भरथरी सिकोसा बालोद की हेमलता पटेल की प्रस्तुति होगी। दोपहर 2 बजे से समाज के बच्चे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देंगे। 3 बजे से अतिथि आगमन के बाद सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में दुर्ग सांसद विजय बघेल, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, जिपं सदस्य श्रद्धा साहू, जनपद सदस्य जितेन्द्र टंडन विशेष रूप से शामिल होंगे।

### कांकेर जिपं अध्यक्ष चुनाव के लिए प्रभारी पर्यवेक्षक बनाए गए यशवंत

**बालोद।** कांकेर जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव के लिए प्रदेश भाजपा नेतृत्व ने यशवंत जैन को प्रभारी पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। यशवंत जैन



इसके पूर्व कांकेर जिला के पालिका चुनाव एवं संगठन प्रभारी भी हैं। उनके नेतृत्व कौशल व संगठन क्षमता का ही परिणाम रहा कि भाजपा ने एकजुट होकर चुनाव लड़ा व पालिका चुनावों में आजादी के बाद पहली बार कांकेर नगर पालिका अध्यक्ष का पद जीतने में सफल रही। इस बार केवल चारामा को छोड़ कर जिले की सभी नगर पंचायतों में भी भाजपा समर्थित प्रत्याशी अध्यक्ष चुने गए हैं। अब यशवंत जैन को कांकेर जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव हेतु प्रभारी बनाकर पार्टी नेतृत्व ने उन पर फिर विश्वास करते हुए बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है।

### कुथरेल में छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती समारोह आज

**अंडा।** ग्राम कुथरेल में चन्द्राकर



कुर्मी समाज द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती एवं मिलन समारोह का आयोजन 2 मार्च को रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल होंगे, अध्यक्षता दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर करेंगे। कार्यक्रम सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगा।

### पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक 5 को

**बालोद।** पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक पेंशनर भवन शिकारीपारा बालोद में 5 मार्च को सुबह 12 बजे से रखी गई है। अध्यक्ष डॉ. आरएम. चावड़ा ने बताया कि बैठक में नए पदाधिकारियों का चुनाव किया जाना है।

### जिपं अध्यक्ष चयन के लिए प्रभारी पर्यवेक्षक बनाए गए अजय चन्द्राकर

**बालोद।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने जिला पंचायत अध्यक्ष के चयन के लिए 33 जिला पंचायतों के प्रभारी पर्यवेक्षक की नियुक्ति की है। इसके तहत बालोद जिले के जिला पंचायत के अध्यक्ष के चयन के लिए अजय चन्द्राकर को प्रभारी पर्यवेक्षक नियुक्ति किया गया है।

# अपर कलेक्टर चंद्रकांत व जिपं सीईओ डॉ संजय ने खाई फाइलेरियारोधी दवा

## अधीनस्थ अधिकारी व कर्मचारियों को भी दवा खाने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- 27 फरवरी से शुरू हुआ है फाइलेरिया मुक्ति अभियान
- 10 मार्च तक घर-घर जाकर खिलाई जाएगी दवा

फाइलेरिया मुक्ति अभियान के तहत मोबाइल टीम द्वारा जिला कलेक्टोरेट में अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक और जिला पंचायत में डॉ.संजय कनौजे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला बालोद ने एमडीए की दवाई स्वयं खाकर अपने-अपने अधीनस्थ अधिकारी व कर्मचारियों को भी दवा खाने के लिए प्रेरित किया। संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2027 तक पूरे देश के सभी प्रदेशों को फाईलेरिया मुक्त किये जाने का लक्ष्य रखा गया है। फाईलेरिया उन्मूलन गतिविधियों में सामूहिक दवा सेवन अभियान 27 फरवरी से 02 मार्च को बुथ में तथा 3 से 10 मार्च को घर-घर भ्रमण द्वारा एवं 11 से 13 मार्च 2025 तक मॉप अप राउण्ड में सामुहिक दवा सेवन अभियान एवं कृमि मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।







फाइलेरिया रोग के उन्मूलन के लिए आयोजित होने वाले सामूहिक दवा सेवन, मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह है कि फाइलेरिया रोग की गंभीरता को मीडिया सहयोगियों के माध्यम से जन समुदाय ▶▶|शेष पेज 13 पर

## भ्रष्टाचार : ग्राम ठेकवाडीह से दुपचेरा पहुंच मार्ग पर लापरवाही छिपाने डाली जा रही डामर की परत

# निर्माण पूरा होने से पहले ही खुलने लगीं भ्रष्टाचार की परतें, सड़कों पर पड़ीं दरारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

- 2 करोड़ की लागत से हो रहा है निर्माण, अभी भी पूरा नहीं हुआ है काम

ग्राम ठेकवाडीह से दुपचेरा पहुंच सड़क निर्माण में लापरवाही व गुणवत्ता में कमी अभी से दिखाई देने लगी है। निर्माण कार्य पूरा होने से पहले ही उसमें दरारें आ गई हैं। वहीं, निर्माण एजेंसी द्वारा दरार को छुपाने लीपापोती की जा रही है। 2 करोड़ की लागत से बनी इस सड़क पर गुणवत्ता में बरती गई लापरवाही व अनदेखी डामर की परत डालकर पर्दा डालने का प्रयास किया जा रहा है।

आपको बता दें कि इस मार्ग का निर्माण एक वर्ष पहले पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा किया गया था। कार्य अभी भी पूरा नहीं हुआ है, किंतु मापदंडों का पालन न कर गुणवत्ताहीन निर्माण के कारण सड़क में जगह–जगह दरारें आ गई हैं। कहीं–कहीं डामर की परत उखड़ने लगी है, तो कहीं पूरी सड़क पर साल भर में ही दरारें पड़ गई हैं। इसके कारण राहगिरों के वाहन दरारों में फंसकर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। इसके कारण ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों की लगातार मांगों और काफी लंबे इंतजार के बाद सड़क निर्माण शुरू हुआ था, किंतु ठेकेदारों की मनमानी और जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही या कहें की जानबूझकर दी गई खुली छूट के कारण महज 2 किलोमीटर लंबी सड़क में गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया गया। इसका परिणाम यह हुआ कि सड़क पूरी तरह बनने से पहले ही उसमें जगह-जगह दरारें पड़ गईं और कई जगह डामर की परतें उखड़ गईं।



### हरिभूमि ने उठाया था गुणवत्ताहीन निर्माण का मुद्दा, विभाग ने नहीं दिया ध्यान

आपको बता दें कि हरिभूमि ने सड़क निर्माण के समय गुणवत्ताहीन निर्माण की खबर का प्रमुखता से प्रकाशन कर विभाग के जिम्मेदारों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया था। लेकिन, उस समय विभाग द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, जिसके कारण आज ग्रामीणों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।



मार्ग का होगा पुनर्निर्माण

### ग्रामीणों को फिर सताने लगी चिंता

ज्ञात हो कि ग्रामीणों की लंबी मांग को देखते हुए क्षेत्रीय विधायक संगीता सिन्हा के प्रयास से सड़क की मांग पूर्ण हुई थी, जिससे ग्रामीणों में खासा उत्साह था। लेकिन गुणवत्ताहीन निर्माण ने उनके उत्साह को ठंडा कर दिया और उन्हें फिर से सड़क के जल्द ही जर्जर हो जाने और उसमें आवागमन को लेकर होने वाली परेशानियों के अहसास ने ही चिंता में डाल दिया है।

## सड़क पार करने के दौरान ट्रक ने कुचला, अधेड़ की हुई मौत




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

दल्लीराजहरा के फव्वारा चौक पर ट्रक की चपेट में आने से दल्लीराजहरा के भगोलीपारा निवासी कलीराम 53 वर्ष की मौत हो गई। हादसे में उसके दोनों पैर बुरी तरह कुचल गए। जानकारी के अनुसार घटना शुक्रवार को सुबह 7 बजे की है। कलीराम किसी विवाह समारोह में शामिल होने के लिए बस से जा रहे थे। बस चौक पर रुकी। वह उतरकर दूसरी बस पकड़ने के लिए सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रक ने उसे कुचल दिया। ट्रक के अगले पहिए उसके दोनों पैरों पर चढ़ गए। गंभीर हालत में उसे सरकारी अस्पताल चिखलाकसा ले जाया गया, जहां से जिला अस्पताल राजनांदगांव रेफर किया गया। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

### दो ट्रकों में भिड़ंत, केबिन में फंसा एक का चालक, दूसरा फरार

**बालोद।** गुरुवार देर रात धमतरी–जगदलपुर नेशनल हाईवे 30 पर पुरूर पेट्रोल पंप के सामने दो ट्रकों में भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक ट्रक का ड्राइवर केबिन में बुरी तरह फंस गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने बुलडोजर की मदद से फंसे हुए ड्राइवर को बाहर निकाला। गंभीर रूप से घायल ड्राइवर को 108 एंबुलेंस के माध्यम से धमतरी अस्पताल भेजा गया, जहां उसका इलाज जारी है। फिलहाल पुरुर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि दूसरे ट्रक के चालक और परिचालक मौके से फरार हो गए हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।



# राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप दुष्यंत ने जैवलिन थ्रो में जीता सिल्वर





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

तमिलनाडु पैरालंपिक स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा 23वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 का आयोजन जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम चेन्नई तमिलनाडू में किया गया था। उक्त स्पर्धा में जिले के दुष्यंत कुमार साहू ने जैवलिन थ्रो में सिल्वर मेडल प्राप्त किया है।

प्रतियोगिता में बालोद जिले के रायपुरा संबलपुर निवासी दुष्यंत कुमार साहू ने बालक वर्ग में जैवलिन थ्रो में हिस्सा लिया था। इनके साथ कोच के रूप में कमलेश कुमार निषाद भी शामिल हुए थे। कोच कमलेश ने बताया कि दिव्यांग दुष्यंत कुमार साहू जैवलिन थ्रो चौंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीतकर बालोद जिले का नाम रोशन किया है।

### पंच पद पर उम्मीदवारी को लेकर मारपीट, मामला दर्ज

**बालोद।** ग्राम जमरूवा निवासी मदन लाल साहू ने पंच के रूप में उम्मीदवारी किए जाने को लेकर मारपीट किए जाने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि त्रिस्तरीय स्तरीय पंचायत चुनाव 2025 में मैं वार्ड क्रमांक 15 पंच के उम्मीदवार के रूप में खड़ा था। उन्होंने गांव के हेमन्त साहू व बहूर साहू पर आरोप लगाया कि 28 फरवरी की शाम मेरे घर आए। उसी समय मेरे घर के सामने खड़े अक्तू साहू और इंद्र कुमार साहू भी मेरे घर के आंगन में आ गए और चारों ने वार्ड क्रमांक 15 में खड़े होने के लिए कौन बोला था कहकर गाली गलौज करते हुये मारपीट की। प्रार्थी की रिपोर्ट पर इस मामले में चार लोगों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 332(ब), 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## शुरू हुईं बोर्ड परीक्षा...



**बालोद।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षाएं 1 मार्च से शुरू हो गईं। पहले दिन शनिवार को कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने हिन्दी विषय की परीक्षा दी।

## मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण कार्यक्रम में कलेक्टर ने किया सम्मानित

# बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित शिक्षक युवराज ज्ञानदीप से पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पांगरी के प्रधानपाठक युवराज सिंह साहू को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव ज्ञानदीप पुरस्कार प्रदान किया गया है। 27 फरवरी को जिला कार्यालय कलेक्टोरेट बालोद के सभागार में आयोजित समारोह में कलेक्टर ने उन्हें शाल, प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। मूलतः ग्राम मचांदुर निवासी श्री साहू ने 20 सितंबर 1994 से अपने शिक्षकीय जीवन की शुरुआत की। उसके बाद से पढ़ाई के साथ ही खेल, योग, स्वास्थ्य, संस्कृति, राष्ट्रीय अभियान-स्वच्छता, नशामुक्त वृक्षारोपण, मध्यान्ह भोजन-पोषण आहार, कीचन गार्डन निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में रुचि रखते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास में योगदान दे रहे हैं।

साथ ही जनसमुदाय से जुड़कर, सरपंच, शाला प्रबंधन समिति के सहयोग से शाला में अहाता निर्माण, शाला प्रांगण में फर्शीकरण, वृक्षारोपण की सुरक्षा, शौचालय निर्माण, ▶▶|शेष पेज 13 पर





### सहायक शिक्षक मणी कुमार को मिला शिक्षा दूत सम्मान

**गुण्डरदेही।** शासकीय प्राथमिक शाला हरणसिंघी में पदस्थ सहायक शिक्षक मणी कुमार डहरिया को शिक्षा दूत सम्मान मिला है। यह सम्मान जिला कलेक्टर इंद्रजीत चंद्रवाल ने मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण सम्मान शिक्षा दूत सम्मान जिला कलेक्टोरेट के सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया गया। बता दें कि मणी कुमार डहरिया को यह सम्मान उनके सरल, सहज, सौम्य, मधुर मृदुभाषी व्यवहार के साथ साथ शाला में नियमित समयबद्धता, अनुशासन, सदाचरण, कर्तव्यनिष्ठ होकर बच्चों के सर्वांगीण विकास के दिशा में कार्य कर रहे हैं। इस सम्मान पर गुण्डरदेही ब्लाक शिक्षा अधिकारी नवीन यादव, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रद्धा ठाकुर खेमराज साहू, बीआरसी किशोर साहू एवं संकुल समन्वयक किशन साहू और संकुल प्रभारी वाई. चंद्राकर, संकुल राहुद के सभी प्रधानपाठक गण ढालसिंह बघेल, हरिश्चंद्र साहू, रवि कुमार साहू, सेवा राम कोठारी, दीपक देशलहरे, होरीलाल कोसरे, लखन लाल साहू एवं बसंती अग्निवंशी ने भी उनके इस उपलब्धि के लिए हर्ष व्यक्त किया।

### वाट्सअप पर आए एपीके फाईल को टच करते ही 2 लाख 38 हजार पार

**बालोद।** मोबाइल के वाट्सअप पर आए एपीके फाईल को टच करते ही एक पूर्व सैनिक के खाते से 2 लाख से अधिक की राशि पार हो गई। खाते से राशि कटने की जानकारी होते ही उन्होंने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। गुण्डरदेही पुलिस के अनुसार 21 फरवरी को प्रार्थी ग्राम माहुद (बी) निवासी योगेश कुमार सेवानिवृत्त सैनिक के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की ब्रांच धमतरी शाखा से 10 जनवरी को प्रार्थी के मोबाईल व्हाट्सअप में एपीके फाईल लिंक को टच करने से 10 जनवरी के दोपहर आनलाईन धोखाधड़ी से 2,38,000 रूपये निकाल लिए गए। प्रार्थी की शिकायत पर धारा 318(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।


## पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

